# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 02/06/2024

**SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Mahaanagar Sanvadata, Jaipur,(RAJ)**

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया 39वां स्थापना दिवस

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** 83 बटालियन, द्रूत कार्य बल/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बटालियन कैम्पस, रामगढ़ रोड, लालवास में शनिवार को बटालियन का 39वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट-83 बटालियन ने शहीद स्मारक पर जाकर देश सुरक्षा में वाहिनी के शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। उन्होंने बटालियन के सभी कार्मिकों को वाहिनी के सुनहरे इतिहास को याद करते हुए जवानों के अदम्य साहस, देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की। साथ ही जवानों को देश में कानून व्यवस्था को बनाये रखने में द्रूत कार्य बल के द्वारा की जा रही ड्यूटियों एवं कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में और अच्छी ड्यूटी करने की रणनीति पर विचार करने तथा देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर दीपक कुमार सिंह एवं विकेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, सरवर खान, हरि नारायाण मीणा, पूर्णमल गुर्जर, उगमा राम, उप कमाण्डेन्ट के साथ सभी राजपत्रित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**